RNI NO - JHAHIN/2009/28606 | गुरुवार | 13 अक्टूबर 2022 | email : sanmargjharkhand@gmail.com | TV, E-Paper&News : www.live7tv.com

पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक, टेलीफोन नंबर - 0651 - 2212677,3242120,2212476 फैक्स नं : 2212679, 2212678

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रकाशन का 76वां वर्ष

फ़ ।। श्री हरि ।। फ़

सन्मार्ग

email : sanmargjharkhand@gmail.com

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुदेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

LIVE 7 TV NEWS CHANNEL

झारखंड | बिहार | उत्तरप्रदेश | दिल्ली से प्रसारित

साईबर ठगी से बचाव को लेकर बचरा में एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

सीसीएल के पिपरवार एनके, मगध, आम्रपाली और रजहरा के अधिकारी और कर्मचारी हुए शामिल

पिपरवार : मंगलम ऑफीसर्स क्लब बचरा में साइबर ठगी और साइबर अपराध से बचाव को लेकर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सीसीएल के पिपरवार,एनके एरिया, आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया, मगध संघमित्रा एरिया और रजहरा एरिया के कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।सेमिनार का शुभारंभ सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया,जिसके बाद आए हुए अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में साइबर अपराध और साइबर ठगी से बचने को लेकर कई प्रकार की जानकारी दी गई।किसी भी प्रकार के फर्जी कॉल आने पर उन्हें किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं देने की अपील की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के वरीय प्रबंधक सिस्टम राहुल मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में साइबर ठग कई प्रकार के तकनीकी के माध्यम से ठगी कर रहे हैं,जिसके प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।किसी भी प्रकार के फोन आने पर उन्हें बैंक डिटेल,आधार या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा नहीं करें।उन्होंने कहा कि साइबर अपराध और ठग को रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है।डिजिटल एंव ऑनलाईन पेमेंट एक आसान और बेहतर साधन है,लेकिन इसके प्रति सावधान रहना भी काफी जरूरी है।कार्यक्रम में बताए गए सुझाव और जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई। इस मौके पर आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह,सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के वरीय प्रबंधक सिस्टम राहुल मिश्रा,प्रबंधक सिस्टम सुंदर मोहन हांसदा,प्रबंधक प्रशिक्षण सिस्टम करिश्मा वर्सनी,पंजाब नेशनल बैंक बचरा के शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार,बैंक ऑफ इंडिया शाखा बचरा के सहायक प्रबंधक नीरज कुमार,आम्रपाली एरिया के स्टाफ ऑफिसर पर्सनल अशोक कुमार,स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी केके पांडा,स्टाफ ऑफिसर ईएंडटी एसके सिंह,स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन बासुकीनाथ प्रसाद,कार्मिक प्रबंधक आलोक रंजन,राजीव वर्मा, ज्योति कुशवाहा,मोहसिन रजा,विजय कुमार,चंडी शाखा सहित काफी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।